# वित्तीय दिशा–निर्देश

कार्यक्रम का नाम– **Untied Fund for Primary Health Centre and Additional Primary Health Centre.**

बजट / एफ.एम.आर. शीर्ष (अनुलग्नक 2 के आधार पर) – **Untied Fund for Primary Health Centre and Additional Primary Health Centre.**

बजट क्रम संख्या / एफ.एम.आर. कोड संख्या (अनुलग्नक 2 के आधार पर)–**B2.2**

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण (5–10 वाक्य अधिकतम)

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रख–रखाव एवं जरूरत के अनुसार आवश्यक कार्य हेतु Untied Fund दिया जाता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए निम्नलिखित राशि वर्ष 2011–12 के लिए भारत सरकार से स्वीकृत है।

ईकाई राशिः

1. @ Rs. 25,000/- per Primary Health Centre per year
2. @ Rs. 25,000/- per Additional Primary Health Centre per Year

## वित्तीय दिशा–निर्देश

उक्त राशि निम्नांकित कार्यो में खर्च किये जा सकते हैः–

1. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र / अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के छोटे परिवर्तन यथा पर्दा लगाने में नल की मरम्मती, वल्ब लगाने में एवं स्थानीय स्तर पर छोटी मरम्मती ।
2. आवश्यक सामाग्री, उपकरण एवं मशीन की खरीददारी एवं रिपेयर। यथा–रोगी जाँच टेबुल, डिलीवरी टेबुल, डी.पी. उपकरण, हीमोग्लोबीन मीटर, कॉपर–टी लगाने वाले किट, उपकरण ट्रे, बच्चा ट्रे, भार स्केल मां एवं नवजात शिशु हेतु, प्लास्टिक / रबर सीट, ड्रेसिंग सीजर, स्टेथोस्कोप, बाल्टी, एटेंडेन्स स्टूल, मेकिंग टोस सीट इत्यादि।
2. सप्लाई पानी की व्यवस्था हेतु ।
3. बिजली की व्यवस्था हेत ।
4. सफाई की व्यवस्था हेतु, विशेषकर बच्चे के जन्मोपरान्त ।
5. आपातस्थिति में उचित रेफरल परिवहन में ।
6. महामारी के समय नमूने के आवागमन हेतु परिवहन मद में ।
7. कन्जूमेबुल्स यथा– बैन्डेज की खरीद पर ।
8. ब्लीचिंग पाउडर एवं संक्रमणनाशी चीजो की खरीद पर ।
9. जलजमाव के रोकथाम हेतु तथा साफ–सफाई करने में जिससे उत्पन्न बीमारी को रोका जा सके।
10. आशा के चिन्हित कार्यो के करने पर प्रोत्साहन राशि के भुगतान पर ।
11. Soak Pits के मरम्मती अथवा चालू कराने मे ।

उपर्युक्त बिन्दु मात्र संदर्भ के लिए है। इसके अतिरिक्त अस्पताल की रोगी कल्याण समिति आवश्यकतानुसार आवश्यक सामग्री का क्रय / रिपेयर पर इस राशि का उपयोग करने के लिए सक्षम है।

**नोटः**– अस्पताल की रोगी कल्याण समिति एवं भंडारपाल की यह जवाबदेही होगी की इस मद से क्रय / रिपेयर किये जाने वाली सामग्री को खरीदने / रिपेयर से पुर्व यह प्रमाणित करेंगें कि उक्त सामग्री का क्रय पुर्व में किसी मद / श्रोत से नहीं किया गया है अथवा उक्त उपलब्ध सामग्री तत्काल में उपयोग लायक नहीं है। इससे सामग्रियों के व्यर्थ की क्रय / रिपेयर में राशि की उपयोगिता से बचा जा सकता है।

इस संदर्भ में यदि कोई पत्र पूर्व में प्रेषित किया गया हो (पत्र सं– तिथि के साथ उल्लेखित करें)

(क) 4657 A, Dated 07.112007 (ख) 22378 Dated 27.12.10

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी / सलाहकार का नाम– श्री रंजीत समैयार

संबंधित कार्यक्रम अधिकारी / सलाहकार का फोन नम्बर– 09470003025